भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय
विकास आयुक्त (सूक्ष्म लघु एवं मध्यम)
एम.एस.एम.ई–विकास संस्थान, इन्दौर

EMPANELMENT OF GUEST FACULTIES / RESOURCE PERSONS

भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत एमएसएमई विकास संस्थान, इंदौर नवीन एमएसएमई इकाईयों की स्थापना एवं विकास तथा स्थापित एमएसएमई के मार्गदर्शन एवं सुविधाओं में वृद्धि के अपने उददेश्यों की पूर्ति के लिए विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित करता है । संस्थान को अपनी उद्यमिता सह कौशल विकास स्कीम (ईएसडीपी) के अंतर्गत वर्ष 2019–20 में विभिन्न अवधि के लिए उद्यमिता, प्रबंधकीय एवं कौशल विकास के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन हेतु मध्यप्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तर पर रिसोर्स पर्सन (अतिथि प्रशिक्षक एवं वक्ता) का पैनल तैयार करना है , जिसके लिए निम्नलिखित विवरण के अनुसार आवेदन–पत्र आमंत्रित किए जाते हैं :–

- अतिथि वक्ता शासकीय इंस्टीट्यूट (आईटीआई, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग, प्रबंधकीय, वाणिज्यिक विद्यालयों) के एकेडमीशियन्स, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं बैंकों के प्रतिनिधि फाइनेंशियल, मेनेजमेंट एक्पर्ट्स, सफल उद्यमी होना चाहिए ।
- अतिथि वक्ताओं का चयन कार्यालय की वेबसाईड पर उपलब्ध प्रस्तावित कार्यक्रमों के विषयों के लिए किया जाएगा ।
- अतिथि वक्ताओं को प्रति सत्र (1.30 घंटे) के अनुसार मानदेय डिजिटल रूप से उनके खाते में प्रदान किया जाएगा ।
- **उपरोक्त इंपैनलमेंट स्थायी रोजगार नहीं है । आवश्यकतानुसार संबंधित जिले में कार्यक्रम आयोजित होने पर जिले के रिसोर्स पर्सन को कार्यालय द्वारा यथासमय सूचित कर बुलाया जाएगा ।**
- चयनित अतिथि वक्ताओं का अनुमोदन विकास आयुक्त (एमएसएमई) कार्यालय, नई दिल्ली के द्वारा किया जाएगा उसके उपरांत ही कार्यक्रमों में आमंत्रित किया जा सकेगा ।

आवेदन कार्यालय की वेबसाईड में दिए गए आवेदन–पत्र को भरकर निदेशक एमएसएमई विकास संस्थान, 10–पोलोग्राउण्ड, इंदौर के नाम पर अपनी समस्त शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता एवं कार्यअनुभव के विवरण वाले बॉयोडाटा तथा योग्यताओं के समर्स्थन में आवश्यक दस्तावेजों के साथ दिए गए ईमेल पर अथवा कार्यालय के पते पर दिनांक 30–09–19 सायं 4.00 बजे तक प्रेषित किया जाना चाहिए ।

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें : श्री गौरव गोयल, सहायक निदेशक (मो. 9713012424)
E-mail: gaurav.goyal.msme@gov.in

निदेशक,
एमएसएमई–विकास संस्थान,
10, पोलोग्राउण्ड, औद्योगिक क्षेत्र, इंदौर
फोन नं. 0731–2421037, 2421659
E-mail: dcdi-indore@dcmsme.gov.in, Website: www.msmeindore.nic.in